# QUEST

(The Quarterly E-News letter of SABVGACC)

# Shri Atal Bihari Vajpayee Govt. Arts and Commerce College, Indore's News Letter

## A Note from the Principal



Dear Students

Warm Season's greetings for the New Year !

As we usher in the New Year 2023, it gives us a hope to look forward to a bright future, opportunities and an inspiration to achieve new goals. Recently our city hosted the "Pravasi Bhartiya Diwas" and "The Global Investors Summit" which placed our city on the global road map and Indore emerged as a centre of attraction for establishment of industries and investment. Multinational companies of our nation along with other countries like Japan, Canada, and Germany are also prioritizing Indore for establishing their units.

This brings in a ray of immense hope for our students as there will be a plethora of job opportunities for them to explore and encash. For this, they have to arm themselves with the hard and soft skills needed in different sectors. The challenge is to have the required skill set to meet the criteria of the industry. We are concerned about the employability of students, so we have initiated many programs through which employability can be enhanced. One of them is the "Campus to Corporate Program" which has made efforts to arrange the training classes for students through a

corporate trainer to train them about corporate culture, work ethics, working in teams, dressing sense, spoken English, interview skills, etc. On the other hand, we have initiated several programs with the Government recognized agencies – we have initiated oral coaching institution for "**CAT"** courses. CAT Directorate is an inherent part of Indian Institute of Cost Accountant of India, New Delhi and through this the students are getting certified in accounting technician work. We have signed a MOU with the Tele-Com Sector Council of India to train the students in the field of Tele-Com requirement. Four modules of the same are being initiated in the college. Apart from this, various MOU's with various corporate sectors are being signed and we have recently entered into agreement with a globally recognized Startup, newzera which is extending various kinds of exposure to the students of this college. A few of our students are already working with them as interns.

So, I invoke the students to gear up and start preparing for the journey which holds lot of promises for them. They should imbibe the right education and training imparted by their mentors as this will go a long way in shaping their future. Dedication and sincerity towards their studies will help them to achieve their goals. I am sure that our students with "muscles of iron" and "nerves of steel" will achieve great heights with their dogged determination.

Wishing you all a fruitful year ahead!

Dr. Anoop Kumar Vyas
Principal
SABVGACC

# Academic Events

- आज दिनांक 18/11/2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा डॉ रजनी भंडारी एवं डॉक्टर किशोर जी द्वारा थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम कलाम कक्ष में संपन्न हुआ







- Dr. Namita Katju delivered a lecture on 22 Nov, 2022 on "Status of Women in India – from Ancient to Modern Times" at MJB Govt. Girls' PG College, Indore.

- Prof. Geeta Choudhary was invited to deliver a lecture on 23 November 2022 at Mata Jijabai Post Graduate Girls College Indore (Old GDC Indore) on **"Characteristics of Modern European History"**




- A seven day workshop from 16.12.2022 to 23.12.2022 was conducted by the Dept. of Economics on **"Dimensions Of Human Resources and Economic Development"** esteem resource persons like Dr. Anjana Saxen, Dr. Kushal Jain, Dr. Archana Vyas, Dr. Sakharam Mujalde, Dr. Vimala Jain, Dr. Jyoti Sharma & Dr. Archana Sharma enlighten the audience with their profound discourse.






- Prof. Usha Jain HoD English was invited to deliver a lecture in MLB College Kila Maidan, Indore on 27th December 2022. Her topic of discourse was "Panorama of Indian writing in English".






# Sports

- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आठ एवं नव नवंबर को महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज द्वारा किया जा रहा है जिसमें जीएसीसी की कबड्डी पुरुष टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है इस प्रतियोगिता में इंदौर जिले की 31 टीमों ने भाग लिया है
- महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 9 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया अपने प्रतिनिधि के रूप में डॉ डी के गुप्ता आशीष पाठक एवं आदित्य लुणावत जी के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया कल समापन में प्राचार्य डॉ अनूप व्यास जी के कर कमलों से विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी दी जावेगी क्रीड़ा समिति के सदस्यों से आग्रह है कि वह उपस्थित होने का कष्ट करें
- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर को इल्वा कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें

जीएसीसी की टीम विजेता रहे खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करता है

- जीएसीसी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के दौरान छात्रों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य डॉ अनूप व्यास जी
- शतरंज पुरुष विजेता टीम के साथ प्राचार्य महोदय आशीष पाठक जी एवं क्रीड़ा अधिकारी




- जिला स्तरीय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में किया जा रहा है जिसमें जी ए स सी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है सेमी फाइनल मुकाबला यूटीडी से होना है
- जीएसीसी न्यूज़ । आज संभाग स्तरीय भाषण स्पर्धा हुई । प्राचार्य डॉ अनूप व्यास ने अध्यक्षता की । डॉ आशा अग्रवाल संयोजक थीं । प्रगति मैम व रेणु मैम ने संचालन किया ।
- साथियों बड़े हर्ष की बात है कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की संभाग स्तरीय बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्राओं ने इस टूर्नामेंट को जीत लिया है सभी खिलाड़ियों को महाविद्यालय की क्रीड़ा विभाग की ओर से बहुत-बहुत शुभाशीष

- माधवराव सिंधिया आदर्श विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय ग्वालियर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन पुरुष व महिला दोनों प्रतियोगिताओं में इंदौर बना चैंपियन।




- साथियों बड़े हर्ष की बात है राज्य स्तरीय बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में इंदौर संभाग विजेता हुआ इंदौर संभाग की टीम में 4 में से 3 छात्राएं अपने महाविद्यालय की खिलाड़ी हैं
- दिनांक 7 नवंबर 2022 को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की अंतर महाविद्यालय सीधी संभाग स्तरीय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन सेंट्रल कॉलेज द्वारा किया गया जिसमें जीएसीसी की महिला फुटबॉल टीम उपविजेता रही इसमें निधि वैष्णव और पूजा का चयन राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु किया गया महाविद्यालय परिवार सभी खिलाड़ियों का एवं चयनित छात्राओं का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता है
- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आठ एवं नव नवंबर को महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज द्वारा किया जा रहा है जिसमें जीएसीसी की कबड्डी पुरुष टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है इस प्रतियोगिता में इंदौर जिले की 31 टीमों ने भाग लिया है
- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी महा महाविद्यालय सीधी में आयोजन किया गया जिसमें इंदौर संभाग की टीम विजेता रही जीएसीसी के 2 छात्र

जिन्होंने इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बहुत शानदार प्रदर्शन करके टीम को विजय दिलाई एवं महाविद्वलय के लिये गौरव के क्षण प्रदान दिये।

# N.C.C. Activities

- दिनांक 25 नवंबर 2022 को श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाज कार्य समाजशास्त्र एवं 9 एमपी बटालियन के कैडिटस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय के गार्डन में , गांधी प्रतिमा के सामने एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के दुष्परिणामों को बताया गया कि नशा कैसे परिवार समाज एवं स्वयं व्यक्तित्व के लिए कितना हानिकारक है। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति की परिवार की एवं राष्ट्र की प्रगति में बहुत बड़ी बाधक है
- दिनांक 26 नवंबर 2022 को महाविद्यालय के 9 एमबी बटालियन के एनसीसी कैडेटों ने नशा मुक्ति के खिलाफ रंगोली बनाकर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का संदेश दिया
- दिनांक 26 नवंबर को ही नशा मुक्ति अभियान के तहत एनसीसी कैडेटों ने वाद विवाद प्रतियोगिता में भागीदारी की
- दिनांक 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेटों ने संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा एवं संविधान के आदर्शों का पालन करने की शपथ ग्रहण की
- दिनांक 27 नवंबर 2022 को एनसीसी दिवस के अवसर पर 9 एमपी बटालियन एनसीसी कैडेटों द्वारा एनसीसी केडेस के लिए निर्धारित कर्तव्य कर्तव्यों के प्रति निर्वहन करने की शपथ ग्रहण की इसके साथ ही महाविद्यालय के गार्डन में परिसर

में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया

- दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को युवाओं में नशे के विरुद्ध सप्ताह  मादक पदार्थ निषेध के अंतर्गत 9 एम पी बटालियन के 10 कैडेटों ने जागरूकता रैली में भाग लिया जोकि पलासिया के महिला थाने से प्रारंभ होकर राजवाड़ा तक निकली

- एनसीसी के कैडेट्स द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान के अंर्तगत विद्वर्थियों एवं प्राध्यासपकों के में रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कैडेट्स द्वारा प्रत्ये क विभाग में जाकर प्राध्याकपकों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।

# Placement - Drive

- Students appointed in various companies through ICICI academy for skill training in session 2022 -23 September. Out of 28 students who have taken training from ICICI academy
- On 24th Nov, 2022 an online course was offered to the students under NSE Academy and HDFC Bank's Joint Venture. The participating students would get certificates.






# Internship Opportunities with Globally No. 1 Startup – Newzera



# MoU's




- आज दिनांक 07-11-2022 को श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदोर एवम हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन संस्था चेन्नई के बीच MOU किया गया। इस MOU मे ब्लाइंड विद्यार्थीयो को अंग्रेजी भाषा , रोजगार कौशल्य हेतू कम्प्युटर प्रशिक्षण एवं EMET कोर्स करवाया जायेगा । जिससे ब्लाइंड विद्यार्थीयोको रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे । MOU महाविद्यालय के सन्माननीय प्राचार्य डॉ. अनुप कुमार व्यास एवं हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन की अवनी भटनागर के उपस्थिती मे हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासकीय अधिकारी डॉ.डी .के .गुप्ता, आय क्यू ए सी समन्वयक डॉ. आदित्य लुनावत , दृष्टी क्लब प्रभारी डॉ. योगेश शेळके उपस्थित थे।

# Awareness Program

- IQAC of our college organized the awareness program on CA Course and Career Opportunities on 01st October, 2022. The renowned Chartered Accountant Harshali Shalvi from the Institute of Chartered Accountants of India was the Chief Speaker of the program and the program was chaired by Principal of the Institution Dr. Anoop Kumar Vyas. She has guided the students about the carrier as CA. Apart from this she has explained in detail about various short term courses in the field of Finance and Financial Management. Students of B.A., B.com, B.B.A. & M.Com numbering about 250 + attended the program.

  CA Harshali Shalvi has also solved the quires of the students in regard to their carrier. The program was conducted by Dr. Aadtiya Lunavat Co-ordinator of IQAC.









# महिला सशक्तिकरण समिति

- महाविद्यालय के महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा महा आक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में विभिन्न गतिविधिया आयोजित की गई –

- अक्टूबर माह में प्रो. संध्या भार्गव विभागाध्यक्ष इतिहास का व्याख्यान विषय **'इतिहास में नारी की भूमिका'** आयोजित किया गया।






- नवंबर माह में दिनांक 24 नवबंर से 09 दिसंबर तक छात्राओं के लिये 'आत्मरक्षा शिविर' आयोजित किया गया। जिसमे

# Other Activity

- **District Level Competition on National Education Policy 2020** – Dr. Namita Katju was invited as judge for the essay writing competition on National Education Policy 2020 at Lead College Mata Jija Bai Govt. Girls' PG College, Indore.




- ''युवा नीति निर्माण हेतु विचार एवं सुझाव'' – 27 दिसंबर 2022 को प्राचार्य डॉ. अनूप व्यास, की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के सुझाव आंमत्रित किये गये। प्राध्यपकों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। विचारों एवं सुझावों को महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर प्रेक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया।
- आजादी का अमृत महोत्सव 2022–23 के तहत मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार दिनांक 07.09.2022 से दिनांक 13.09.2022 तक महाविद्यालयिन स्तर पर विभिन्न साहित्यीक एवं सास्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। निबध भाषण चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं मे प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं मे महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और सफलता प्राप्त की।

- दिनांक 17.10.2022 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय में संभाग स्तरीय भाषण एवं निबध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- म.प्र. स्थापान दिवस जी.ए.सी.सी में आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की विशेषताओ के बारे मे बताया गया। कार्यक्रम में डॉ अश्विनी शर्मा का व्याख्यान हुआ। डॉ रेणु सिन्हा, डॉ भगवत राय का संचालन किया। डॉ श्रद्धा मालवीय ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। डॉ अनूप व्यास प्राचार्य ने आशीर्वचन दिया।









- जनजाती गौरव दिवस के अवसर पर दिनांक 11.11.2022 को 'स्वतंत्रता सग्रांम मे जनजातीय महानायकों का योगदान' विषय पर निबध प्रतियोगिता आयोजित कि गई।
- दिनांक 28.12.2022 को महाविद्यालय में वीर बाल दिवस मुख्य वक्ता डॉ गुरूविन्दर सिंग गिल की उपस्थिति में मनाया गया।
- 

# Upskill Yourself with Corporate Training & Development Program

Training programs are work place learning initiatives catering to the needs of the Corporates placements. They are designed to help and develop skills that will support the company's strategic goals.

One of the key values of Corporate Training is that it helps young talent to turn into tomorrow's leaders!

Understanding its importance SABVGACC, Indore has introduced an "Upskill Yourself with Corporate Training Development Program" under the aegis of Internal Quality Assurance Cell, of the college, which is conducted by the Corporate Trainer Dr. Meeta Baid.

The main purpose of this training is to improve Motivation, Morale and Creativity of the students. This program started from the month of October in which approximately 700 students are registered that is rigorously being trained in 4 different batches. The training focuses mainly on preparing the students for Group Discussion, Personal Interview Skills, Presentation and Communication skills along with Corporate Grooming.

On December 7, 2022 a Placement Drive was conducted by ITRC, under the banner of National Skill Development Corporation in which 40 students from the Upskills Class participated and the success of the program lies in the fact that 70% of the students got selected.

The main objective of this training is to boost the students to strengthen their existing skills and acquire skills that are missing. The credit to bridge this gap

between Industry and Academia goes to the Coordinator IQAC Dr. Aaditya Lunavat, Dr. Usha Jain, Head of the Dept. English &  Dr. Panakja Acharya.

# Madhya Pradesh Diwas

- 
- मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता

https://youtu.be/jFg-daRB3PI

जीएसीसी में भाषण व निबंध स्पर्धा(संभाग स्तर) संपन्न। धार झाबुआ खरगोन अलीराजपुर खंडवा के छात्र वक्ताओं ने दिये भाषण।स्व.रामनारायण तिवारी (आज़ादी के सेनानी)को किया नमन।अध्यक्षता डाॅ अनूप व्यास प्राचार्य , संचालन रेणु सिन्हा व प्रगति मैम, संयोजन डाॅ आशा अग्रवाल

https://youtu.be/ADmNz9LOM4o

# Retirement

जीएसीसी के प्रो. डॉ एस भारसाकलेजी का बिदाई समारोह।डा अनूप व्यास प्राचार्यजी की अध्यक्षता । प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने किया अभिनंदन https://youtu.be/9ET4W-lzqxs

# National Unity Day

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2022 , दिन सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ तथा रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (मेन गेट, तक्षशिला परिसर) मे किया गया । इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आदरणीय डॉ रेनू जैन मैडम ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवाई एवं रन फॉर यूनिटी मे सहभागिता करते हुए सभी स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा , राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन प्रकाश गढ़वाल जी ने किया ।श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। महाविद्यालय के 20 स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

# N.S.S. Activities




- दिनांक 4 नवंबर 2022 को प्रातः 8:00 बजे ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण विषय पर राज्य स्तरीय जनजागृति रैली का आयोजन किया गया । जिसमें श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

- दिनांक 12 नवंबर 2022 से 21 नवंबर 2022 तक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर छत्तीसगढ़ में होने वाले एन एस एस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2022 में अपने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का छात्र जय अगल्चा इनका चयन हुआ है । महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार से हार्दिक हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
- मतदाता जागरूकता अभियान के लिए निर्वाचन आयोग के आदेश के परिपालन में ,जिला निर्वाचन ,इन्दौर के आव्हान पर दिनांक 09 नवम्बर 2022 को प्रातः 7:00 बजे इन्दौर के हृदय स्थल राजबाड़ा से गांधी हाल तक सायकिल रैली का आयोजन , रा.से.यो., जिला संगठक इन्दौर के निर्देशन में संपन्न हो गया। श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

- श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर का राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उमरी खेड़ा मे दिनांक 10.11.2022 से 16. 11.2022 तक आयोजित हो रहा है। आज शिविर का प्रथम दिवस ।
- श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर का राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों का संयुक्त शिविर ग्राम उमरी खेड़ा में आयोजित हो रहा है आज शिविर का चतुर्थ दिवस । आज कार्यक्रम में आदरणीय डॉ प्रकाश गढ़वाल सर कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर उपस्थित रहे। सर के द्वारा किए गए मार्गदर्शन एवं उदबोधन से विद्यार्थी प्रभावित हुए।

List of selected students for shaifali business solution Geographical Excursion to Kevdeshwar (origin of Kshipra river), Narmada Kshipra link project and Village survey for PG students are successfully done today by Department Of Geography

दिनांक 7 नवंबर 2022 को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की अंतर महाविद्यालय सीधी संभाग स्तरीय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन सेंट्रल कॉलेज द्वारा किया गया जिसमें जीएससी की महिला फुटबॉल टीम उपविजेता रही इसमें निधि वैष्णव और पूजा का चयन राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु किया गया महाविद्यालय परिवार सभी खिलाड़ियों का एवं चयनित छात्राओं का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता है

# Research Papers Published - Reaching Cerebral Heights

# Awards & Honors

- Doctoral degree of Devi Ahilya Vishwadhalaya Indore was awarded to Mr. Azad Rashid Sheikh under the supervision of Dr. Geeta Choudhary Dept. of History. (Notification no. PhD Cell / 2022 / 1958, dated 30th Nov, 2022)

# Media

## थैलेसिमिया जागरुकता कार्यक्रम



चैतन्य लोक, इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महा० इन्दौर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के तत्वाधान में 18 नवम्बर को थैलेसिमिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के प्रारंभ में विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनी भंडारी, समाजसेविका, डॉ. किशोर चाण्डिकीय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पूर्णिमा का स्वागत महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के डॉ. श्रद्धा मालवीय, डॉ. सुलभा कार्किडे, डॉ. संजय राने, डॉ. आरती व्यास द्वारा किया गया। डॉ. रजनी भंडारी ने विद्यार्थियों को थैलेसिमिया बीमारी के बारे में बताया व उन्हें जागरुक किया। डॉ. किशोर चाण्डिकीय ने इस बीमारी के बारे में विस्तृत और सूक्ष्म वैज्ञानिक जानकारी देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को यह बताया कि विवाह पूर्व थैलेसिमिया की जाँच लड़के एवं लड़कियों दोनों को ही अवश्य करवाना चाहिए जिससे जन्म लेने वाला शिशु इस रोग या बीमारी से ग्रसित न हो। इस जागरूकता कार्यक्रम में समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के प्राध्यापकों में प्रो. रेखा बेनावत, डॉ. धनसिंह यादव, प्रो. पंकज साँवले, प्रो. मोहन गुर्जर उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में विशेष रूप से एनसीसी-1. एमपी बटालियन के विद्यार्थी भी सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार समाजशास्त्र के डॉ. भगवतराय द्वारा किया गया।

दैनिक भास्कर | इंदौर सिटी भास्कर 12-11-2022

## हमने खुद को तब जाना, जब कई सौ किमी अकेले साइक्लिंग, तैराकी और मैराथन की

### आईएमए का वुमंस फोरम, तीन महिलाओं ने साझा की सक्सेस जर्नी



सिटी रिपोर्टर. इंदौर

मैं सेलिब्रिटी बनना चाहती थी, लेकिन मॉडलिंग के क्षेत्र में जाने की अनुमति परिवार से नहीं मिली। अब मेरे पास कोई रास्ता नहीं था। मैंने सामान्य तौर पर रनिंग शुरू की। जब एक रनिंग कॉम्पीटिशन जीत लिया, तो कई लोगों ने मेरे साथ फोटो क्लिक की। तब मुझे लगा मैं सेलिब्रिटी बन गई। फिर रनिंग को गंभीरता से लिया और कई मैराथन पूरी की। यह कहना है रनर सपना सोजतिया का। वे प्रीतमलाल दुआ सभागार में आईएमए वुमंस फोरम के मंच से अपनी सक्सेस जर्नी साझा कर रही थीं। उनके साथ साइकलिस्ट कविता रावत और रनर व स्विमर प्रीति खंडेलवाल ने भी अपनी बात रखी। सपना ने कहा कि जब मैं कई किमी अकेले दौड़ती हूं तो अपने साथ समय बिताती हूं। ये खुशी देने वाले पल होते हैं।

कविता ने कहा कि लंबी दूरी की साइक्लिंग आसान नहीं होती। दर्द होता है, लेकिन कुछ पल के लिए। उसके बाद जब आप नियत समय से पहले अपना लक्ष्य पूरा करते हैं तो सफलता का जो भाव महसूस होता है उस आनंद को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। दो दिन कुछ परेशानियां उठाकर आप साइक्लिंग, रनिंग जो करना चाहते हैं करें, उसके बाद खुद बखुद उसे अपना रूटीन बना लेंगे।

प्रीति खंडेलवाल कहती हैं मेरे पति को रनिंग का शौक है, उन्हीं के मोटिवेशन से मैंने पहले दौड़ना शुरू किया। कॉम्पीटिशन में पार्टिसिपेट किया। जीती तो मानो हौसला बढ़ता गया। अब मैंने साइक्लिंग भी शुरू कर दी और फिर तैरना भी। फिलहाल मैं आयरनमैन कॉम्पीटिशन की तैयारी कर रही हूं। इन एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट करने के बाद मैंने खुद में बदलाव महसूस किया है। मेरा एटिट्यूट पॉजीटिव हुआ है और आत्मविश्वास बढ़ा है। इस मौके पर डायबिटिक शेफ हर्ष केड़िया ने भी महिलाओं से बात की, उन्हें मोटिवेट किया।

दैनिक भास्कर | इंदौर 16-11-2022

## अभिषेक ईस्टर्न स्लैम स्क्वॉश में विजेता



इंदौर | अभिषेक बनोधा बंगाल ईस्टर्न स्लैम स्क्वॉश स्पर्धा में विजेता बने। कोलकाता में खेली गई स्पर्धा के फाइनल में अभिषेक ने तमिलनाडु के अदित अचपल को 3-0 से पराजित किया।

## थमेश ने जीता टेनि

इंदौर। शहर के प्रतिभाशाली खि
लावट ने होलकर कालेज में आयो
भाग की अंतर संभागीय टेनिस स्पर्धा
ताब जीता। शासकीय कला
ाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते ह
र्धा के लीग मैचों में सबसे ज्यादा
ते हुए विजेता होने का गौरव हासिल
धार पर इंदौर संभाग टीम का चयन
मेशराजे (कप्तान), सानित्य चौधर
कैथवास, शाश्वत मुनीम शामिल
श्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय स्प
गी, जो मुंबई में 26 नवंबर से खेली
स्कार वितरण होलकर विज्ञान महावि
सुरेश सिलावट के आतिथ्य में हुअ
अनुराग हार्डिया डॉ अनुपम शर्मा

ओल्ड जीडीसी के व्याख्यान में प्रो. चौधरी ने कहा

## आधुनिक युग में समाचार पत्रों ने निभाई अहम भूमिका




गुड इवनिंग, इंदौर

दुनिया में सामंतवाद के पतन से मानववाद के विकास का दौर शुरु हुआ मगर जल्दी ही इसके शोषण से तंग आकर जब इन राज्यों में राष्ट्रवाद की भावना चरम पर पहुंची तो उसने प्रजातांत्रिक मूल्यों के विकास में अहम रोल अदा किया। दुनिया को एकजुट करने में संचार क्रांति की भूमिका रही जिसमें समाचार पत्रों ने जनजागृति लाने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया।

यह विचार अटल बिहारी वाजपेई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ गीता चौधरी ने ओल्ड जीडीसी मोती तबेला में इतिहास विभाग द्वारा आयोजित दो दिनी व्याख्यानमाला के समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कही। व्याख्यान माला का विषय 'आधुनिक युग की विशेषताएं यूरोप के संदर्भ में' था।

उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका ने समुद्री मार्ग की खोज की उस दौर में सीमित साधनों के बावजूद समाचार पत्रों के बढ़ते प्रभाव से दुनिया को जागृत करने में काफी मदद मिली जिसमें नए-नए अविष्कारों से क्रांति आती गई और पूरी दुनिया एक दूसरे के संपर्क में आने लगी यह सिलसिला अभी तक थमा नहीं है।

आरंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने व्याख्यानमाला के विषय पर विचार व्यक्त किए। डॉ. सत्यप्रभा चौहान ने संचालन किया आभार प्रो. शोभना व्यास ने माना।



भारतीय महिलाओं की स्थिति पर व्याख्यान में डॉ काटजू ने कहा

## आक्रांताओं की वजह से देश में छिना महिलाओं से समानता का अधिकार

गुड इवनिंग, इंदौर

प्राचीन भारत में तो महिलाओं को पुरुषों के समान ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन देश पर बाहरी आक्रमण होना शुरू हुए तो महिलाओं की समानता छीनने की शुरूआत हुई और उन पर कई तरह की पाबंदियां लाद दी गईं जो अभी तक जारी है जिसमें सबसे अहम पर्दा प्रथा थी इससे निजात पाने के लिए महिलाओं को खुद ही आगे आना होगा। ये विचार डॉ. नमीता काटजू ने भारतीय महिलाओं की स्थिति विषय पर हुए व्याख्यान में व्यक्त किए। कार्यक्रम माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय (ओल्ड जीडीसी) मोती तबेला में इतिहास विभाग द्वारा उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन योजना के तहत किया गया था। व्याख्यान में ही आउटडोर एडवेंचर क्यूरेटर राकेश जैन ने पर्यटन में पर्यावरण सुरक्षा विषय पर बात रखी। डॉ. काटजू का कहना था कि अंग्रेजों ने देश को गुलाम बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास भी किए। इसमें तर्क दिया कि भारत में जो बुराइयां हैं इनसे निपटने के लिए हमारा शासन जरूरी है।

**पर्यटन को अब उद्योग का दर्जा**

जैन ने पर्यटन के बढ़ते हुए महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि पर्यटन किसी भी स्थिति में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए इससे एक अनुशासित जीवन का सबक भी मिलता है मगर पर्यटन में सावधानी भी रखनी जरूरी है प्रकृति को निकट से देखने के लिए पर्यटन अब एक उद्योग में तब्दील होता जा रहा है। 23 नवंबर बुधवार को इसी कड़ी में भारत के स्वतंत्रता संग्राम विषय पर व्याख्यान आयोजित होगा। अतिथि स्वागत इतिहास की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु शुक्ला ने किया। संचालन डॉ. सत्यप्रभा चौहान ने तथा आभार प्रो. हेमलता व्यास ने माना।



**समयगति**



## कृषि है, अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा

इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में, विश्व बैंक पोषित, मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. विमला जैन प्रा. अर्थशास्त्र मा.जी.बा.शा.क.म.वि. ने कृषि, मानव संसाधन एवं आर्थिक विकास, पर अपने विचार रखे। डॉ. जैन ने बताया कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है, यह क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार प्रदाता है। यह विचारणीय प्रश्न है कि 60 से 65 प्रतिशत प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रोजगार देने वाला कृषि क्षेत्र जी.डी.पी. में केवल 19 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इस क्षेत्र में अनुसंधान की महती आवश्यकता है। इस एनालिटिकल अध्ययन चर्चा में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा व्यास ने अतिथि परिचय दिया। अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकगण प्रो.सरोज अजय, प्रो.लता जैन, प्रो.कविता अग्रवाल, प्रो.सुदीप छाबड़ा ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। प्रो. अलका रोड़े ने आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन किया प्रो.अलका जैन ने।



RNI No.MPHIN/2012/45066

**एक्सप्रेस संदेश**

28.12.2022 इंदौर www.expresssandesh.in

## युवा शिक्षा नीति को लेकर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**एक्सप्रेस संदेश न्यूज**

इंदौर- उच्च शिक्षा विभाग द्वारा युवा शिक्षा नीति हेतु जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी को लेकर प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में भी युवा शिक्षा नीति को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और युवा शिक्षा नीति के बारे में अपने सुझाव रखें इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप व्यास ने विद्यार्थियों को युवा नीति तैयार करने में अपने सुझावों के माध्यम से सकारात्मक योगदान देने हेतु आह्वान किया इस संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डीके गुप्ता सहित कई प्राध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।